# युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय

लखीमपुर-खीरी

फोन नम्बर :05872–263188 ई–मेल : ydpgcollege@gmail.com


दिनांक : 10.12.2025

## अति महत्वपूर्ण सूचना

## (बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट/भूतपूर्व परीक्षा फार्म प्रथम सेमेस्टर)

**स्नातक** (बी.ए., बी.काम. व बी.एससी.)/**परास्नातक** (एम.ए.–अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, दर्शनशास्त्र व राजनीति विज्ञान तथा एम.काम. व एम.एससी.–वनस्पति विज्ञान) एवं बी.एड. **प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं** में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2025** के **बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट/भूतपूर्व परीक्षा** के ऑनलाइन परीक्षा फार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर भरने की अन्तिम तिथि **दिनांक 20.12.2025** है।

अतः स्नातक/परास्नातक व बी.एड. प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है निर्धारित तिथि तक अपना **बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट/भूतपूर्व परीक्षा** परीक्षाफार्म भरकर कार्यालय में समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित **दिनांक 20.12.2025** तक अवश्य जमा कर दें। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्तिम तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर जमा न करने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र/छात्रा का होगा।

**स्नातक/परास्नातक एवं बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के नियमित परीक्षा फार्म के साथ जमा किये जाने वाले आवश्यक संलग्नक निम्नवत हैं–**

- परीक्षा आवेदन फार्म
- पूर्व सेमेस्टर की अंकतालिका।
- शुल्क रसीद की छायाप्रति।

**नोटः–बैक पेपर/इम्प्रूवमेंट व भूतपूर्व का शुल्क महाविद्यालय में जमा कर शुल्क रसीद प्राप्त करें।**

प्राचार्य

प्राचार्य/PRINCIPAL
यु0 द0 महाविद्यालय/Y.D.P.G. College
लखीमपुर–खीरी/Lakhimpur-Kheri

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि / पनिका / 25–515
**दिनांकः 09.12.2025**

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातक / परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की विषम **सेमेस्टर दिसम्बर–2025 के (प्रथम सेमेस्टर के बैक पेपर / इम्प्रूवमेन्ट / भूतपूर्व परीक्षार्थियों) के** ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट **<u>www.lkouniv.ac.in</u>** पर भरने की अंतिम तिथि **दिनांक 20.12.2025 निर्धारित की जाती है।**

1. विश्वविद्यालयों को ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करते हुए ऑनलाइन भरे गये परीक्षाफार्म को अपने संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है।
2. संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा जमा किये गये परीक्षाफार्मो को लॉगिन के माध्यम से अग्रसारित करते हुए **दिनांक 22.12.2025 तक तक परीक्षा विभाग,** लखनऊ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्र / छात्राओं द्वारा अपना ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर अपने महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ जमा करना है।
4. समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा भरे गये परीक्षाफार्म को ऑनलाइन अग्रसारित करते हुए विश्वविद्यालय निर्धारित शुल्क जमा करते हुए भरे गये परीक्षाफार्मो की सूची एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क **रसीद सहित दिनांक 22.12.2025 तक परीक्षा विभाग,** लखनऊ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
5. छात्रों द्वारा ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि / समस्या हेतु **Helpline number 7897999211, 7897992064 WhatsApp No. 7897992062, Landline no. 0522-4150500 and E-mail lu.support@otpl.co.in** पर मेल कर सकते है।

9.12.2025
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

<u>पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।</u>
<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
2. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष।
3. कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
4. कुलानुशासक।
5. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन भरवाने का कष्ट करें, जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़ें।
6. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
7. उप कुलसचिव परीक्षा / गोपनीय / प्रभारी, वेवसाइट।
8. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा / कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)।
9. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

9.12.2025
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।